राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

# भक्ति उत्सव का राज्यपाल ने राजभवन में किया शुभारम्भ

## भक्ति रस से सराबोर कबीर वाणी, भजन और सूफी संगीत की कलाकारों द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुतियां

जयपुर, 14 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मंगलवार सायं यहां राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय "भक्ति उत्सव" का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।' भक्ति उत्सव" के अंतर्गत पहले दिन कबीर वाणी, भजन और सूफी संगीत की सुमधुर प्रस्तुतियां हुई।

"भक्ति उत्सव" की शुरुआत चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी और भजन संध्या' के आयोजन से हुई। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में श्री महेशा राम और श्री अभिजीत घोषाल द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुति मन को भाने वाली थी। महेशाराम और उनकी मंडली ने "सद्गुरु आंगन आया, मैं गंगा गोमती नहाया' भजन से गुरु स्तुति कर भजन संध्या का आरम्भ किया । इसके बाद उन्होंने मीरां बाई के .भजन 'अब तो मान कहयो मेरी मांय, म्हाने सावंरियो परणाय, नरसी मेहता के भजन 'सावरिया रा नाम हजार कैसे लिखूं कुकु पतरी ' कबीर के भजन 'बेर चल्यां मेरा भाई' की लोक संगीत में रंगी मनोहारी प्रस्तुतियां दी। अभिजीत घोषाल ने 'जब जब घिरे अंधेरे गहरे हमने तुम्हे पुकारा ' सहित कई भजन सुना कर माहौल भक्तिमय कर दिया। शायर सलीम अमरोहवी ने शहीद भगत सिंह और संत कबीर पर नज़्में सुनाई।

*'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन*

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने इससे पहले यहां राजभवन में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की ओर से 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' का उद्घाटन किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित चारकोल से उकेरे माउन्ट आबू की नक्की झील, गुरू शिखर के नैसर्गिक सौंदर्य, किले, महलों के साथ-साथ पोर्ट्रेट्स, झरोखे आदि के चित्रों का अवलोकन करते हुए इन्हें सुंदर कलाकृतियां बताया। उन्होंने चित्रकारों के हुनर की सराहना करते हुए कला की सभी विधाओं को पर्याप्त प्रोत्साहन दिए जाने पर बल दिया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि केन्द्र की की ओर से माउन्ट आबू में गत दिनों आयोजित चारकोल चित्रांकन कैम्प में 24 कलाकारों द्वारा चारकोल से सुंदर चित्रों का सृजन कैनवास पर किया गया। इन चित्रों को

यहां राजभवन में आयोजित 'चारकोल चित्रांकन कला प्रदर्शनी' में गुरुवार तक प्रदर्शित किया जाएगा।

राज्यपाल श्री मिश्र, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया ।

-----